प्रादेशिक समाचार

दिनांक–04.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

केंद्रीय जांच एजेंसी–सीबीआई ने गिरिडीह में अनाज घोटाला मामले में बड़ी कार्रवाई की है। गिरिडीह जिले में अनाज कालाबाजारी को लेकर सीबीआई ने दो जगहों पर छापेमारी की है। रामजी पाण्डेय के आवास से कागजात लेकर टीम निकल गई है। कोई अधिकारी कुछ बताने को तैयार नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि यह मामला अनाज गबन से जुड़ा है। भारत सरकार की महिला तथा बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने गिरिडीह में 87 हजार क्विंटल अनाज गबन का मामला कई बार उठाया था।

****

आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े चार संदिग्धों के साथ एक बार फिर दिल्ली पुलिस रांची पहुंची है। दिल्ली पुलिस की टीम ने रांची के चान्हों प्रखंड के नकटा पहाड़ का भौतिक निरीक्षण किया। बताया जाता है कि डा. इश्तियाक अहमद ने इसी पहाड़ पर आंतकी प्रशिक्षण शिविर चलाया था। झारखंड एटीएस के साथ पहुंची दिल्ली पुलिस ने इस दौरान ट्रेनिंग से जुड़े साक्ष्य भी जुटाये और हथियारों की भी तलाश की। गौरतलब है कि दिल्ली एटीएस ने 22 अगस्त को रांची, लोहरदगा और हजारीबाग में छापेमारी कर डा. इश्तियाक अहमद समेत आठ संदिग्धों को हिरासत में लिया था।

****

पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भाजपा में शामिल होने के बाद से कोल्हान क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं और जन समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। जमशेदपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में सत्ता विरोधी लहर है। श्री सोरेन ने दावा किया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ राज्य में सरकार बनायेगी।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज दक्षिणी छोटानागरपुर प्रमंडल की लाभुकों के बीच मंइयां सम्मान योजना के तहत राशि उनके खाते में हस्तांतरित करेंगे। इस सिलसिले में रांची के नामकुम स्थित ट्रेनिंग ग्राउंड में प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा ळें

****

उत्पाद सिपाही भर्ती के लिए दौड़ की प्रक्रिया अब सुबह पांच बजे से नौ के बीच होगी। इस दौरान प्रतिदिन पन्द्रह सौ अभ्यर्थियों को ही बुलाये जाने की तैयारी है। पुलिस मुख्यालय द्वारा चयन पर्षद के अध्यक्षों के साथ बैठक कर एक दो दिनों में इस पर निर्णय लिये जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के आदेश पर पांच सितंबर तक भर्ती प्रक्रिया पर रोक लगा दी गयी है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर दिल्ली हाईकोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस याचिका में श्री कोड़ा ने कोयला घोटाला मामले में सजा पर रोक लगाने का आग्रह किया है ताकि वह आगामी विधानसभा चुनाव लड़ सकें।

****

लोहरदगा जिले में वयस्क लोगों के लिए बीसीजी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

****

पलामू जिले में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने हत्या के एक मामले में पांच दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनायी है। दोषियों पर दस–दस हजार रुपये का आर्थिक जुर्माना

भी लगाया गया है। जुर्माने की राशि नहीं चुकाने पर छह महीने की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र का है, जहां वर्ष 2017 में जमीन विवाद में दोषियों ने एक व्यक्ति की पीट–पीटकर हत्या कर दी थी।

****

पेरिस पैरालिंपिक में आज भारत ने एक और पदक जीत लिया है। गोला फेक स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ी सचिन सरजेराव ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 21 हो गई है। भारत का पैरालिंपिक के इतिहास में अब तक का यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इससे पहले भारत ने तोक्यो पैरालिंपिक खेलों में 19 पदक जीते थे।